प्रशासनिका
Prashasnika

खण्ड 4, अंक 2 Volume IV, Number 2

IN THIS ISSUE/इस अंक में

चंद्र माथुर राजकीय लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर की त्रैमासिक पत्रिका

LISHED QUARTERLY BY THE HCM STATE INSTITUTE OF PUB. ADM., JAIPUR

हरिमोहन माथुर, सम्पादक

प्रशासनिका, हरिशचन्द्र माथुर राजकीय लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर की त्रैमासिक पत्रिका है।

प्रशासनिका का संकेन्द्रण विकासशील देशों की प्रशासनिक प्रक्रियाओं का अध्ययन है।

प्रशासनिका में प्रकाशित लेखों व अन्य सामग्री में अन्तर्विष्ट विचार पूर्ण रूप से लेखकों के हैं; वे संस्थान की नीति के वक्तव्य नहीं हैं।

लेखों, समीक्षाओं इत्यादि के सम्बन्ध में समस्त पत्र-व्यवहार सम्पादक, प्रशासनिका, हरिशचन्द्र माथुर राजकीय लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर–३०२००४ से करें।

पत्रिका के वितरण के सम्बन्ध में पत्र-व्यवहार प्रशासनिका, हरिशचन्द्र माथुर राजकीय लोक प्रशासन संस्थान, जयपुर ३०२००४ से करें।

वार्षिक चन्दे की दरें: २० रुपये अथवा £ २ अथवा $ ५

HARI MOHAN MATHUR, Edi

Prashasnika is published quar
The HCM State Institute of
Administration, Jaipur 302004, I

Prashasnika is a journal devote
study of administrative proce
developing countries.

Opinions expressed in signed
and other material are those
authors; they are not statement
Institute policy.

Communications concerning ed
matters should be addressed t
Editor, *Prashasnika*, The HCM
Institute of Public Administ
Jaipur 302004, India.

Correspondence on subscription,
ges of address and circulation sho
addressed to *Prashasnika*, The
State Institute of Public Administr
Jaipur 302004, India.

Annual Subscription : Rs. 20 or £ 2 c

प्रशासनिका
PRASHASNIKA

THUR, Edi , NO. 2
UNE, 1975

खण्ड 4, संख्या 2
अप्रेल-जून, 1975

:LES/लेख

K REVIEWS/
The समीक्षा

Bhupendra Hooja

Some Problems of Management in the State Sector*

OVER the years, with increasing investments by the Central and State governments in industrial or commercial enterprises, state enterprises have come to assume a dominant position, if not a commanding height, in our national economy. Development of strategic industries or energy resources, public utility services, financial institutions, and more recently the nationalization of commercial banks, state take over of sick mills and the recent talk about the public distribution system—all these are signs of the future trends, and underline the fact that the state sector is likely to play an increasingly more important role in our economy.

Against this background, it becomes necessary to focus attention on some of the management problems in this growing sector. Of course, as far as managerial functions or practical aspects are concerned, problems are the same or similar in the state sector as in the private sector. Even so, there are a few distinguishing features of the state sector which need to be taken note of.

* On the basis of a talk delivered to the probationers at the HCM State Institute of Public Administration, Jaipur. Observations in this paper are based on author's experience as Commissioner for State Enterprises, Government of Rajasthan, 1967-69. For views of the author on important problems of state undertakings, see among others his "Public Enterprises Department in Rajasthan" in *Public Enterprises in India*, eds. Ziauddin Khan and Ramesh K. Arora (New Delhi: Associated Publishing House, 1975); "The Committee on Public Undertakings and Recommendations Regarding the Better Management of State Enterprises." *Prashasnika*, Vol. III (Jan-March 1974), 1-18; and "State Enterprises in Rajasthan" in *Rajasthan Udyog*, II (March 1969), 18-24. The author in collaboration with Mr. Satish K. Batra is also working on a book titled '*State Enterprises in Rajasthan*'.

Prashasnika, Volume IV, Number 2, April–June, 1975

Some Problems of Management in the State Sector

To start with, I would like to mention three or four aspects of the situation which affect the style of management in the state enterprises:

The Phenomenon of Adverse Publicity

Whatever small or big happens in the state enterprises receives prompt notice and publicity in the newspapers and other media of mass communication. Partly it may be because of the growing volume of investments in this sector and partly because in the past, except for a few cases, their performance has not been very encouraging. Not that the private sector enterprises do not have their shortcomings or discouraging features. But perhaps because of the link up of our newspapers with important private business houses, some of which are not happy about the expansion of the state sector, every fault or shortcoming in the state sector tends to receive prominent notice and adverse comment. On the other hand, enthusiasts and protagonists of the state sector also seem keen to publicize their activities and achievements, perhaps to create a congenial climate for themselves in keeping with the pronounced objectives of creating a socialistic pattern of society. Thus, during debates and discussions in the Parliament or in the State Assemblies, schemes of future development, negotiations with foreign collaborators and such other items of general importance are publicized over and over again. The result is that managers of state enterprises have to work and show their results as against ambitious targets under a fanfare of publicity. There can be no doubt that this affects their style of management.

The Accountability Mechanism

The second problem is that of accountability. Whatever the organizational form (whether a departmental undertaking, a government controlled company, or a corporation) the state enterprises are ultimately accountable to the public at large through the State Assemblies and the Parliament. Apart from the Parliamentary Committee on Public Undertakings, some State Assemblies have also constituted a separate committee on Public Undertakings to watch the performance of the enterprises under their jurisdiction. Besides discharging all the usual functions of the Public Accounts Committees and the Committees on Estimates, these special committees examine in detail the accounts of various undertakings and the reports of the Comptroller and Auditor General or the Accountant General as the case may be and see whether in the context of autonomy, the affairs of the undertakings are being managed efficiently and according to sound business principles and commercial practices. But that is not all, the state enterprises remain under the

constant focus of attention through questions, debates and discussions and reports presented in the State Legislatures and the Parliament.

Issues of Anonymity and Commitment

The next aspect is that of anonymity. Public services in India being modelled on the British pattern, anonymity is the hallmark of the civil service and this style has also permeated the codes of conduct and attitudes of management functionaries in the state enterprises at almost all levels.

The last aspect is that of commitment. Managers and other functionaries of state enterprises are expected to show a deeper commitment and greater dedication to their duties than their counterpart in the private sector because they are expected to subserve a public cause or a social service.

Real Ownership of Public Enterprises

This brings me to a fundamental question : After all who is the owner or the real boss of a state enterprise ? In the case of private sector enterprises, it is not difficult to spot the owner or the boss, whether it is an individual, a company, or a business house, and whether the enterprise is being managed directly by an individual or a family group or a managing agency. Even in the case of private companies, though theoretically the share-owners are the owner-partners, most of them act and function as sleeping partners leaving the management in the hands of the professional managers or business magnates. Not so in the case of state enterprises, where members of the State Legislatures or the Parliament who assume the role of watch dogs on behalf of the public at large—the sovereign masters—can be treated as anything but sleeping partners. They are both vigilant and vocal and do not miss any opportunity to assert their views in a strong and forceful manner. But, as has often been said, their control is from a distance, even if the political executive tries to play an active role of guidance, supervision and control. The arrangement may be considered to be something like back-seat driving of an automobile. The association of public men and non-officials with the Boards of Directors is being tried out, perhaps as a device for ensuring popular control, but on the whole, this has not yet had the desired affect.

Necessity of Operational Autonomy

Linked with this is the problem of *autonomy*. How far is a state enterprise free or autonomous to take decisions in furtherance of its set objectives or targets ? This is a disputable point, because there are many

ways, direct or indirect, in which the policy decisions, plans and programmes of an enterprise can be influenced by men in power or position.

In a private enterprise, the manager on the spot generally enjoys the confidence of his bosses who have a good deal of faith in his judgement or managerial capacity. But this cannot be said to be always true in the case of state enterprises. That is why we find the Chairmen, Managing Directors, or Chief Executive Officers and other managers of senior rank being changed suddenly and frequently, sometimes like pieces of chess.

Until recently, senior management positions in the state sector mostly fell to the share of civil servants on deputation, in most cases officers of long experience but with a generalist background. The position has recently changed somewhat with the induction of non-official public men, or even professional managers from the open market, or specialists in some technical field. But it cannot be said with certainly that the equation of confidence between the top ranking managers and the policy-makers has changed very much. Even in cases where deputationists have been replaced by public men or professionals, the influence of government representatives in the management boards or Board of Directors remains unaffected and their views or words are accepted as final decisions, thus negating the concept of autonomy.

Unlike in the private sector, the entire system of relationships and organizational or functional structures is based on some sort of *mistrust* against the functionary on-the-spot or those who have to deliver the goods. We may call it a hang-over of the past or too much insistance on the observance of rules and procedures, perhaps necessary, because the funds come from the public exchequer or because of the ultimate accountability to the people. But the fact remains that the system of financial management, or management of materials is based on the guide-line that those entrusted with investment or expenditure functions are likely to dissipate or misuse the funds or other resources placed at their disposal unless rigid systems of checks and controls are enforced.

Fixation of Objectives

To my mind, while assessing the achievement or contribution of any state enterprise, it is necessary, first of all, to understand and appreciate the broad *objectives* for which that particular enterprise was established. Was the objective to prepare armaments for the defence services? Or to create energy resources? Or to process available raw materials, minerals,

metals, chemicals or agricultural produce? Or was the objective to establish the basic infrastructure or public utility services? Or was the objective to generate employment? Orientation towards objectives is necessary because state enterprises are not always profit-motivated or consumer-oriented. In fact, profitability is a new measuring rod for most of the state enterprises. This is not to suggest that either profitability or efficiency should be discounted.

Choosing the Ideal Organizational Form

Linked with the definition and assessment of objectives is the *form of organization*: whether a departmental undertaking, a company, a board or a corporation or the latest version of joint sector units. Of course, it is being increasingly felt that the departmental undertaking is out of date because of the rigid lines of authority and limited autonomy available to management. The Administrative Reforms Commission has expressed itself in favour of corporations – both statutory and sectoral – emphasizing at the same time the need for greater autonomy. This seems to be in keeping with the adoption of democratic principles and procedures, but we have yet to apply these procedures and principles in the fields of industrial and commercial enterprises set up by the state. Perhaps with the passage of time, we will have to create new and suitable forms of organization to accommodate the needs and demands of parliamentary control, professional efficiency and popular participation. The dangers of political interference on the one hand and bureaucratization of management on the other, can, to my mind, be offset to a considerable extent by devising suitable methods of popular vigilance and participative management.

Other Problem Areas

Before I end, in passing, I would like to mention a few more problems which beset the managements of most of the state sector enterprises. These are :

i) Paucity of funds, at least to the extent that funds have to be doled out of the public exchequer.

ii) In many cases, objectives are not clearly defined, though targets are set.

iii) Many enterprises have been set up without proper economic or technical feasability reports.

iv) Because of uncertainty of funds and undefined objectives, long term plans of development are not possible.

v) Limits of accountability or of autonomy have not been clearly defined.

Some Problems of Management in the State Sector

vi) State enterprises have functioned as appendages of government departments without attaining or establishing their individual identities.

vii) Problems of personnel (recruitment, training, career planning, incentives and rewards) have not been sorted out.

viii) In respect of manufacturing enterprises, due attention is not paid to problems of marketing and market surveys.

ix) State enterprises have a long way to go to develop their professional and technological expertise.

ent
ual
ng,
not
ro-

प्रदीप कुमार मेहता

भारतीय नियोजन तथा सामाजिक न्याय

पिछली एक शताब्दी से विश्व में वैज्ञानिक तथा तकनीकी ज्ञान में होने वाली निरंतर वृद्धि के फलस्वरूप आज मानव इस योग्य बन गया है कि वह उपलब्ध सीमित भौतिक साधनों का गहनतम विदोहन कर सके तथा समाज के सभी वर्गों को वे सभी सुविधाएं सुलभ करवा सके जो कुछ समय पूर्व तक समाज के एक छोटे से परन्तु सम्पन्न वर्ग को ही प्राप्त थीं। जैसा कि प्रो. सेम्युलसन का मत है, "....................केवल विज्ञान के उचित उपयोग के माध्यम से ही एक देश अपनी नदियों को स्वच्छ बना सकता है, वातावरण शुद्ध कर सकता है, सभी को कम से कम न्यूनतम जीवन-स्तर प्रदान कर सकता है तथा आर्थिक उपलब्धियों का **यथा-संभव** समान **तथा न्यायोचित** वितरण कर सकता है।"[1]

सामाजिक न्याय की धारणा पिछले कुछ वर्षों से काफी लोकप्रिय हो रही है। प्रगतिशील विचारधारा के समर्थक इसे राज्य के सर्वांगीण विकास की एक आधारभूत मौलिक आवश्यकता मानते हैं। भारत में भी पिछले कुछ वर्षों से इस धारणा पर काफी बल दिया जाने लगा है। विश्व के विद्वान भारतीय संविधान में समानता, स्वतन्त्रता तथा बन्धुत्व की भावना के उल्लेख को मानवीय इतिहास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण घटना मानते हैं।

सामाजिक न्याय की भावना इतनी स्पष्ट और सार्वग्रहीय होते हुए भी आज विशेषज्ञों के लिए चुनौती बनी हुई है। आज तक इसकी सर्वमान्य परिभाषा उपलब्ध नहीं है। सामाजिक न्याय की धारणा के अनेक तत्व हैं और यही समस्या का मूल है। एक परिभाषा के अन्तर्गत सभी तत्वों को सम्मिलित कर पाना असम्भव सा बन गया है विलियम फ्रेकना के शब्दों में, "सामाजिक न्याय, दीर्घकाल में, सभी व्यक्तियों के साथ समान व्यवहार है। समान व्यवहार से तात्पर्य है—**सभी को समानता के आधार पर साधन उपलब्धता तथा नियोजन के प्रतिफलों का समान वितरण।**"[2] प्रो० शिनाय[3] के मतानुसार, सामाजिक न्याय के तीन तत्व हैं : समाज के सभी व्यक्तियों के जीवन-स्तर को ऊपर उठाना, बेरोजगारी उन्मूलन तथा आर्थिक शक्ति के संकेन्द्रीकरण पर नियंत्रण के **साथ-साथ विकेन्द्रीकरण पर जोर देना।**

भारतीय नियोजन तथा सामाजिक न्याय

श्री अशोक मेहता[4] का मत है कि सामाजिक न्याय की प्राप्ति शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त असंतुलन व दोनों ही क्षेत्रों के निम्न जीवन-स्तर के उन्मूलन से सम्बन्धित है। भारत में, आर्थिक विकास की पृष्ठभूमि में सामाजिक न्याय को[5] भौतिक प्रगति बनाम नैतिक विकास से लिया जाता है।

सामान्यत: सामाजिक न्याय को निरपेक्ष रूप में देखने के स्थान पर आर्थिक प्रगति के साथ सापेक्ष रूप में देखा जाता है। विकास के साथ शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा, श्रम कल्याण, आवास व्यवस्था तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य की व्यवस्था जहां एक ओर सामाजिक न्याय की प्राप्ति में सहयोग देती है वहां दूसरी ओर आर्थिक विकास की गति को भी तीव्र करती है। वास्तव में विकास के साथ सामाजिक न्याय की प्राप्ति ही आज विकासशील देशों की मौलिक आवश्यकता है। जैसा कि श्री मैकनमारा का विचार है, "विकास ही पर्याप्त नहीं है, इसके साथ न्याय भी आवश्यक है।" प्रो० सेम्युलसन के शब्दों में, "आर्थिक विकास के किसी भी सिद्धान्त पर विचारविमर्श तब तक पूर्ण नहीं मानना चाहिए जब तक यह उल्लेखित न किया जाय कि राष्ट्रीय आय में वृद्धि आधुनिक आर्थिक उद्देश्यों का मात्र एक पहलू है।[6] श्री वी. जगन्नाथन ने अपने एक शोध निबन्ध में आर्थिक प्रगति, सामाजिक न्याय तथा राष्ट्रीय विकास के मध्य दो समीकरणात्मक संबंध स्थापित किये हैं :[7]

$$\text{उत्पादकता} = \frac{\text{स्वास्थ्य व शिक्षा} + \text{प्रेरणा}}{\text{भौतिक साधन}} \quad .... \quad .... \quad .... \quad .... \quad 1$$

$$\text{तथा} \quad \text{राष्ट्रीय विकास} = \frac{\text{उत्पादकता}}{\text{आर्थिक प्रगति} + \text{सामाजिक न्याय}} \quad .... \quad .... \quad .... \quad 2$$

हम जानते हैं कि :

आर्थिक विकास = फलन (बचत प्रवृत्ति, निवेश क्षमता)

अत :

सामाजिक न्याय = फलन (स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रेरणा, साधन, बचत, निवेश क्षमता)

अत: यह कहा जा सकता है कि सामाजिक न्याय आर्थिक प्रगति से युग्म है, स्वतंत्र नहीं। ऐसी स्थिति में दोनों को अलग करना दोनों के महत्त्व को घटाना होगा।

यदि एक विकासशील राष्ट्र को परिभाषित किया जाये, तो एक विकासशील राष्ट्र वह होगा जहां एक ओर प्रति व्यक्ति आय कम हो तथा उत्पादन साधनों में बेरोजगारी व अल्प रोजगारी की स्थिति हो एवं दूसरी ओर जनसंख्या वृद्धि की ऊंची दर के साथ-साथ राष्ट्रीय आय के एक बहुत बड़े भाग पर समाज के छोटे से परन्तु प्रभावशाली वर्ग का नियंत्रण पाया जाये तथा समाज का बहुत बड़ा वर्ग निर्धनता से निम्न अथवा निर्धनता की स्थिति में जीवन यापन कर रहा हो।

इस परिभाषा के अनुरूप हमारा देश एक विकासशील राष्ट्र है। अन्य विकासशील राष्ट्रों के अनुरूप हमारे यहां भी कई बार यह विवाद उठ खड़ा होता है कि सामाजिक न्याय तथा आर्थिक विकास एक दूसरे के पूरक हैं अथवा प्रतिस्पर्धी। सामान्यतः आर्थिक विकास का अर्थ उत्पादन वृद्धि से लिया जाता है जबकि सामाजिक न्याय को वितरण की समानता के संदर्भ में देखा जाता है। अतः तकनीकी स्वरूप में समस्या 'उत्पादन वृद्धि बनाम वितरण की समानता' से व्यक्त की जा सकती है।

उत्पादन वृद्धि तथा वितरण की समानता के उद्देश्यों को प्रतिस्पर्धी मानने वाले विद्वान विकासशील देशों में पाये जाने वाले निम्नलिखित व्यवहार की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं :

उत्पादन वृद्धि की दर का निर्धारण निवेश दर से होता है। निवेश दर, बचत प्रवृत्ति पर निर्भर करती है। विकासशील देशों में सामान्यतः बचत समाज के सम्पन्न वर्ग द्वारा की जाती है।[8] ऐसी स्थिति में यदि वितरण की समानता को प्राप्त करने के उद्देश्य से समाज के सम्पन्न वर्ग पर प्रगतिशील कर[9] तथा प्रगतिशील व्यय[10] की नीतियां लागू की गयीं तो इससे उनकी बचत प्रवृत्ति हतोत्साहित होगी जिसके परिणामस्वरूप उत्पादन वृद्धि की दर में गतिरुद्धता आ जायेगी। दोनों उद्देश्यों के प्रतिस्पर्धी व्यवहार को चित्र–1 में समझाया गया है। 'क' बिन्दु पर राज्य 'अ' 'ब' मात्रा में आर्थिक विकास तथा 'अ' 'स' मात्रा में सामाजिक न्याय प्राप्त कर रहा है। अब यदि 'क' बिन्दु से राज्य 'ख' बिन्दु पर आना चाहता है, दूसरे शब्दों में यदि वह आर्थिक विकास को अधिक प्राथमिकता देकर उसमें बाकी वृद्धि करना चाहता है, तो उसे 'स' 'स^1' सामाजिक न्याय छोड़ना होगा।

उत्पादन वृद्धि तथा वितरण की समानता के उद्देश्यों को पूरक मानने वाले अर्थशास्त्री निम्न चक्र को मान्यता देते हैं :

प्रगतिशील करारोपण तथा प्रगतिशील व्यय प्रावधानों के परिणामस्वरूप समाज के विभिन्न वर्गों के मध्य वितरण की असमानता घटेगी, इससे समाज के उपेक्षित तथा निर्धन वर्ग को सर्वाधिक लाभ होगा, उनका उपभोग स्तर सुधरेगा तथा सामाजिक कल्याण में वृद्धि होगी। इस प्रकार के संरचनात्मक परिवर्तन से श्रमिक के कार्य में लगाव बढ़ेगा व उसकी कार्यशक्ति में विस्तार होगा। इसके फलस्वरूप उसकी उत्पादकता में क्रांतिकारी सुधार आयेगा। जब किसी देश के सम्पूर्ण कार्यकारी वर्ग की उत्पादकता में वृद्धि होती है तो राष्ट्रीय उत्पादन स्वतः तीव्रता से बढ़ता है। दोनों उद्देश्यों के पूरक व्यवहार को चित्र–2 में समझाया गया है। 'क' बिन्दु पर राज्य 'अ' 'ब' मात्रा में आर्थिक विकास तथा 'अ' 'स^1' मात्रा में सामाजिक न्याय प्राप्त कर रहा है। अब यदि द्वित्तीय चक्र के क्रियान्वयन के परिणाम स्वरूप राज्य 'ख' स्थिति पर चला जाता है तो इससे उसके आर्थिक विकास में 'ब^1' तथा सामाजिक न्याय की स्थिति में 'स^1' की वृद्धि होती है अर्थात दोनों ही उद्देश्यों में राज्य के कल्याण की वृद्धि होती है जो उसकी पूरकता का प्रमाण है।

चित्र-1
प्रतिस्पर्धी व्यवहार

चित्र-2
पूरक व्यवहार

भारत जैसी मिश्रित अर्थव्यवस्था में ये दोनों ही चक्र अपना–अपना प्रभाव दर्शाते हैं। परन्तु द्वितीय चक्र का प्रभाव अधिक पाया जाता है। इसके दो महत्वपूर्ण कारण है :

1 : चूंकि समाज का सम्पन्न वर्ग स्वयं श्रम नहीं करता वरन् उसके मार्ग निर्देशन में पूंजी, पूंजी को जन्म देती है अतः प्रगतिशील करारोपण उसकी बचत प्रवृति पर कोई उल्लेखनीय प्रभाव नहीं डाल पाता है। इसके साथ ही उसकी बचत में जो थोड़ी बहुत निरपेक्ष कमी आती है वह कर वृद्धि से सरकारी आय में होने वाली वृद्धि से निरस्त हो जाती है; तथा

2 : चूंकि समाज का सम्पन्न वर्ग पहले से ही काफी उच्च जीवन स्तर पर होता है अतः प्रगतिशील व्यय प्रावधानों से लाभ न मिलने पर भी उसमें असंतोष की स्थिति का जन्म नहीं होता है। इसके विपरीत प्रगतिशील व्यय प्राववानों से प्रति व्यक्ति उत्पादकता में काफी वृद्धि होती है।

चूंकि प्रथम चक्र भी कुछ हद तक अपना प्रभाव दर्शायेगा अतः उसकी पूर्ण उपेक्षा न तो संभव है और न ही वांछनीय। आवश्यकता दोनों के मध्य संतुलित नीति अपनाने की है जो न सिर्फ तीव्र आर्थिक विकास में सहायक बन सकें वरन् सामाजिक न्याय के चिर–प्रतीक्षित लक्ष्य को भी पाने में सहयोग कर सके।

भारत में आर्थिक विकास के साथ सामाजिक न्याय की पूरकता को स्वीकार करते हुए कई सम्मेलनों में मत व्यक्त किये गये हैं। 1931 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने एक सम्मेलन में कहा, " आर्थिक जीवन की संरचना सामाजिक न्याय की पृष्ठभूमि में निर्मित की जानी चाहिये तथा इसे उच्च जीवन स्तर प्राप्त करने के संदर्भ में देखा जाना चाहिये।"[11] सन् 1947 में दिल्ली कांग्रेस की सभा में पारित प्रस्ताव में कहा गया था कि, "हमारा उद्देश्य एक ऐसे आर्थिक कलेवर का नव निर्माण और विकास करना होना चाहिये जिसमें धन के एक ही दिशा में एकत्रित होने की प्रवृत्ति के बिना अधिकतम उत्पादन किया जा सके, जिसमें नागरिक एवं ग्रामीण अर्थ–व्यवस्था में उचित सामंजस्य हो।"[12] 1948 में भारतीय कांग्रेस ने कहा, "प्राकृतिक साधनों को अधिकतम उत्पादन के लिये प्रयोग करने के साथ–साथ राष्ट्रीय न्यूनाधिक जीवन स्तर प्राप्त किया जाये।" 1954 में पंडित नेहरू ने कहा था कि, "समाजवादी समाज की स्थापना के लिये········ शीघ्र से शीघ्र आय के असमान वितरण को दूर किया जाये, प्राप्त साधनों का गहन विदोहन किया जाये, शर्मीली पूंजी को बाहर निकाला जाये और देश का तीव्र गति से आर्थिक विकास किया जाये।"

स्पष्टतः भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का नेतृत्व सैद्धान्तिक दृष्टिकोण से आर्थिक विकास तथा सामाजिक न्याय की पूरकता को स्वीकार करता है। अतः स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् 1950 में योजना आयोग का गठन किया गया जिसके आधारभूत उद्देश्यों में राष्ट्रीय आय तथा प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय में तीव्र वृद्धि करने के साथ-साथ अधिकतम रोजगार, समाजवादी समाज की स्थापना तथा आय वितरण की असमानताओं में कमी और धन के अधिकाधिक

समान वितरण को भी सम्मिलित किया गया। इन सभी उद्देश्यों का लक्ष्य सामाजिक न्याय की प्राप्ति ही था। परन्तु क्या व्यवहार में इन्हें प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित किया जा सका ? यह एक ऐसा प्रश्न है जिसका पूर्ण संतोषजनक हल आज तक ज्ञात नहीं हो सका है। कुछ विद्वान मानते हैं कि सामाजिक न्याय की दिशा में भारतीय नियोजन अपने सीमित काल में काफी सफल रहा है। लेकिन सामाजिक न्याय को रातों रात प्राप्त कर लेने की आशा करना व्यर्थ है। इसकी प्राप्ति में काफी समय लगता है। जबकि अनेक विद्वानों का मत है कि भारत में सामाजिक न्याय की प्राप्ति की दिशा में अग्रसर होने के स्थान पर विपरीत दिशा में कदम उठाये गये हैं, देश में नियोजन के साथ आर्थिक विषमताएं भी बढ़ी ही हैं। राष्ट्रीय आय के वितरण में असमानता बढ़ी है,[13] पूंजी संकेन्द्रित हुई है तथा राष्ट्र के पहले से विकसित भागों का तेजी से विकास हुआ है जबकि पिछड़े हुए भाग तेजी से पिछड़ते गये हैं।[14] देखना यह है कि वास्तव में देश में सामाजिक न्याय के प्रयास सार्थकता पूर्ण ढंग से उठाये गये हैं अथवा यह एक भ्रम जाल ही है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व भारत पर ब्रिटिश शासन था। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय देश की अर्थव्यवस्था पूर्णतः छिन्न-भिन्न हो चुकी थी। राष्ट्र हर क्षेत्र में निर्धन और पिछड़ा हुआ था। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय देश की अर्थव्यवस्था द्वितीय विश्व युद्ध के प्रभाव से ग्रस्त थी। विभाजन ने भी हमारी अर्थव्यवस्था को गंभीर बना दिया। विभाजन के परिणामस्वरूप खाद्यान्न तथा कच्चे माल उत्पादित करने वाले प्रदेश पाकिस्तान में चले गये। ऐसी स्थिति में, प्रथम योजना में सामाजिक न्याय को न तो विशेष स्थान दिया गया और न ही ऐसा संभव था। वस्तुतः उस समय अर्थव्यवस्था को स्थायित्व व तीव्र आर्थिक विकास की आवश्यकता थी और यही योजना का मुख्य उद्देश्य रखा गया। फिर भी सामाजिक सेवाओं पर कुल व्यय प्रावधानों का 23 प्रतिशत व्यय किया गया जिससे इस दिशा में संतोषजनक प्रगति हुई। योजना में कहा गया था कि "सामुदायिक विकास वह तरीका है, और ग्रामीण प्रसार वह अभिकरण है जिसके माध्यम से इस पंचवर्षीय योजना में सामाजिक व आर्थिक जीवन के रूपांतरण की प्रक्रिया को शुरू किया जा सकता है।" और इसी के अनुरूप कार्य करने का प्रयास भी किया गया। परन्तु कुल मिलाकर प्रथम योजना में सामाजिक न्याय के संदर्भ में कोई विशेष कार्य नहीं किया जा सका। देश में आर्थिक विषमताएं घटने के स्थान पर बढ़ी ही हैं। इसके बावजूद प्रथम योजना ने देश के भावी आर्थिक विकास और समाजवादी समाज की स्थापना"की दिशा में एक नये विश्वास को जन्म दिया।

देश की द्वितीय पंचवर्षीय योजना पूर्णतः औद्योगीकरण पर बल देने वाली थी अतः इसमें भी सामाजिक न्याय की दिशा में कोई विशेष व्यवस्था नहीं की जा सकी। फिर भी योजना में स्पष्ट लिखा गया, "द्वितीय योजना का उद्देश्य ग्रामीण भारत का पुनर्निर्माण करना, ...जनता के निर्बल और उपेक्षित वर्गों के लिये यथासंभव अधिक अवसर सुरक्षित करना, और देश के समस्त भागों का संतुलित विकास करना है।" इस योजना में कुल व्यय का 18 प्रतिशत समाज सेवाओं के विस्तार पर व्यय किया गया। सामाजिक न्याय के संबंध में आधारभूत

कूटनीति यह थी कि स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रम कल्याण आदि का पर्याप्त विस्तार कर समाज के निर्धन वर्ग की क्रय शक्ति बढ़ाई जाये तथा उनका जीवन स्तर सुधारा जाये ।

सामाजिक न्याय की दृष्टि से तृतीय योजना भी कोई कीर्तिमान स्थापित नहीं कर पायी । तृतीय योजना काल में देश को दो बार विदेशी आक्रमण और भयंकर सूखे का सामना करना पड़ा जिससे सारी योजना अस्तव्यस्त हो गयी । पहले की दोनों योजनाओं की तरह इस योजना में भी अवसरों की समानता में वृद्धि, धन व आय वितरण की विषमता में कमी तथा आर्थिक शक्ति के न्यायोचित वितरण पर बल दिया गया था । इस योजना में सामाजिक सेवाओं पर कुल व्यय का 17 प्रतिशत व्यय किया गया जिसके परिणाम स्वरूप शिक्षा तथा चिकित्सा के क्षेत्र में काफी सुधार आया । देश की औसत आयु जो 1960–61 में 45.6 वर्ष थी वह इस योजना के अन्त में बढ़ कर 50.3 वर्ष हो गयी । श्रम कल्याण तथा पिछड़ी जातियों से संबंधित भी कई योजनाओं को कार्यरूप दिया गया ।

इस प्रकार जहां तक सामाजिक न्याय का प्रश्न है, आर्थिक नियोजन के प्रथम पन्द्रह वर्ष निराशाजनक ही रहे । समाज सेवाओं पर किया जाने वाला व्यय चौगुना हो गया । शिक्षा तथा चिकित्सा के क्षेत्र में भी व्यापक विस्तार हुआ । आवास व्यवस्था भी धीमी गति से सुधरी परन्तु यह सब आवश्यकता से काफी कम था (देखिये तालिका–1) । फिर आय तथा धन के वितरण की असमानता में काफी वृद्धि हुई । चूँकि उत्पादन भी अपेक्षित गति से नहीं बढ़ा अतः देश पर मुद्रा स्फीतिकारी दबाव भी बढ़ने लगा । कुल मिला कर सामाजिक न्याय के संदर्भ में स्थिति यह रही कि हम दो कदम आगे की ओर बढ़े परन्तु साथ ही हमें चार कदम पीछे भी हटना पड़ा ।

तालिका – 1

प्रथम तीन पंचवर्षीय योजनाओं में सामाजिक सेवाएं

तत्व	प्रथम योजना	द्वितीय योजना	तृतीय योजना	कुल	इकाई
1 : कुल योजना व्यय	1960	4600	8628	15,186	करोड़ रु. में
2 : समाज सेवाओं पर व्यय	459	830	1533	2,822	करोड़ रु. में
3 : कुल व्यय से प्रतिशत	23	18	17	19.3	प्रतिशत
4 : प्राथमिक पाठशालाएं	2.80	330	4.08	10.18	लाख में
5 : छात्रों की संख्या	248.1	349.9	515.0	111.30	,,
6 : चिकित्सालयों की संख्या	9.80	12.60	—		हजारों में
7 : चिकि शैयाओं की संख्या	136	186	240	562	,,

भारतीय नियोजन तथा सामाजिक न्याय

तीसरी पंचवर्षीय योजना के पश्चात आगामी तीन वर्ष वार्षिक योजनाओं से भरे गये। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को स्थायित्व प्रदान करना था। इन योजनाओं के फलस्वरूप देश के ऊपर से अनिश्चितता का वातावरण हट गया। सामाजिक न्याय की स्थिति अब भी विशेष सुखद नहीं थी।

वास्तव में देश में सामाजिक न्याय के उद्देश्य पर ध्यान चौथी योजना से ही केन्द्रित किया जाने लगा। चौथी योजना की आधारभूत कूटनीति ही तीव्र आर्थिक विकास के साथ समानता तथा सामाजिक न्याय की स्थापना तय की गयी। इस विशाल उद्देश्य को प्राप्त करने के लिये निम्न रणनीति तय की गयी :

1 : नियोजन से आय तथा धन के वितरण में अपेक्षाकृत अधिक समानता लायी जाये,

2 : आय, धन तथा आर्थिक शक्ति के केन्द्रीकरण को रोका जाये, तथा

3 : समाज के निर्धन वर्ग को, विशेषत: अनुसूचित जातियों तथा जन जातियों को आर्थिक विकास के अधिकाधिक प्रतिफल उपलब्ध करवाये जायें।

इस योजना में ग्रामीण विकास हेतु ग्राम तथा लघु उद्योगों को काफी प्रोत्साहित किया गया। लगभग 850 करोड़ रु० इस मद पर व्यय हुए। इसका मूल उद्देश्य लघु उद्योगों की उत्पादन तकनीकों में सुधार, उनका विकेन्द्रीकरण, तथा कृषि आधारित उद्योगों को प्राथमिकता देना रखा गया। शिक्षा के क्षेत्र में कुल मिला कर 1000 करोड़ रु० के लगभग व्यय हुआ। योजना के दौरान प्राथमिक शिक्षा को प्रोत्साहन देने का उद्देश्य था जिस पर अधिक तत्परता से कार्य नहीं हो सका। स्वास्थ्य तथा चिकित्सा सुविधाओं को भी पर्याप्त महत्व दिया गया। इस योजना काल में परिवार नियोजन कार्यक्रम के माध्यम से लगभग दो करोड़ बच्चों के जन्म को रोकने अथवा स्थगित करने में सफलता मिली। इस प्रकार योजना काल में जन्म दर में लगभग 7 प्रति हजार की कमी लायी जा सकी। ग्राम्य क्षेत्रों में आधारभूत स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को काफी प्रोत्साहन दिया गया। इस प्रकार पिछली योजना से अलग, इस योजना में सामाजिक न्याय की ओर बढ़ने के लिये ठोस प्रयास किये गये। 1971-72 में ग्रामीण रोजगार हेतु योजना से लगभग 50 करोड़ रू० की व्यवस्था की गयी ताकि प्रत्येक जिले में कम से कम 10,000 व्यक्तियों को अल्पकालीन रोजगार सुलभ करवाया जा सके। इसी प्रकार के प्रावधान योजना के आगामी वर्षों के बजटों में भी किये गये। इन सब प्रयासों के फलस्वरूप सामाजिक न्याय की स्थिति में काफी सुधार आया। यद्यपि स्थिति बहुत अधिक संतोषजनक नहीं थी।

पांचवी पंचवर्षीय योजना में, सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक विकास को एक आधारभूत लक्ष्य बनाया गया। इस योजना को जन योजना का नाम भी दिया जाता है। प्रथम बार समाज के निर्धनतम 30 प्रतिशत वर्ग के उपभोग को सुधारने के लिये ठोस लक्ष्य निर्धारित

किये गये । शिक्षा के संबंध में यह कहा गया कि इसका निर्धारण तथा विस्तार इस प्रकार हो कि समाज के पिछले तथा कमजोर वर्ग को लाभ पहुंचे । पहाड़ी व जन जातीय क्षेत्रों के विकास हेतु 500 करोड़ रु० का प्रावधान रखा गया । इसी प्रकार देहातों में पीने के पानी की व्यवस्था के लिये भी 500 करोड़ रु० निर्धारित किये गये । राष्ट्रीय न्यूनतम आवश्यकता का एकदम नया कार्यक्रम इस योजना में प्रस्तुत किया गया । यह कार्यक्रम समाज के निम्नतम 30 प्रतिशत वर्ग के विकास हेतु बनाया गया । इसके व्यय प्रावधान निम्न है :

मद	प्रावधान (करोड़ रु. में)
प्रारम्भिक शिक्षा सुविधा	701.03
सार्वजनिक स्वास्थ्य की न्यूनतम तथा समान सुविधाएं	821.67
पीने के पानी की सुविधा	554.00
ग्रामीण सड़क निर्माण	498.00
गंदी बस्तियों की सफाई व सुधार	94.63
ग्रामीण विद्युत व्यवस्था	276.03
कुल प्रावधान	3053.31

स्रोत : **पांचवीं योजना का प्रारूप**

ग्रामीण विद्युत व्यवस्था के संबंध में राष्ट्रीय विकास परिषद् ने मत व्यक्त किया है कि "विभिन्न राज्यों के अन्तर्गत तथा प्रत्येक राज्य के अन्दर असमानता समाप्त की जाये और जहां तक संभव हो सभी क्षेत्रों में ग्रामीण विद्युतीकरण कार्यक्रम की प्रगति समान हो....प्रत्येक राज्य के कम से कम 30 से 40 प्रतिशत ग्रामीण जन समूह को बिजली मिल जानी चाहिये ।"

इस प्रकार सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण से पांचवी योजना काफी आकर्षक तथा महत्वपूर्ण है । उल्लेखित लक्ष्यों की प्राप्ति निश्चय ही देश में सामाजिक न्याय की दिशा में क्रांतिकारी सिद्ध हो सकती है । परन्तु फिर भी पांचवी योजना के प्रावधानों में कुछ असामंजस्य

है जिसका दूर किया जाना आवश्यक है। इस नियोजन प्रावधान की आधारभूत मान्यता प्रजातंत्र के अन्तर्गत समाजवादी समाज की स्थापना है परन्तु प्रजातंत्र तथा समाजवाद का एक दूसरे पर अन्तर प्रभाव, मिश्रित अर्थव्यवस्था की सैद्धांतिक सीमाएं तथा सीमित प्रशासनिक क्षमता की नियोजन ढांचे में उपेक्षा कर दी गयी है। जैसा कि प्रो० राव का मत है कि समाजवादी राष्ट्रों में पाये जाने वाले व्यवहार के विपरीत, भारत जैसे विकासशील राष्ट्र में आर्थिक सामाजिक नियोजन से प्राप्त भौतिक उपलब्धियों को समाज के निर्धन वर्ग में रोजगार, आय तथा सामाजिक सेवाओं के रूप में वितरित करने के लिये हमें भौतिक संतुलन दृष्टिकोण तथा वित्तीय प्रतिबंधन से स्थानांतरित होना पड़ेगा।[15] अतः यदि सामाजिक न्याय के साथ आर्थिक विकास के लक्ष्य को प्राप्त करना है तो समाजवादी, साम्यवादी तथा पूंजीवादी, तीनों प्रकार की विचारधाराओं से पीछे हट कर विचार करना होगा ताकि हम आंतरिक प्रतिबंधनों की उचित व्यवस्था कर सकें। अभी भी अर्थव्यवस्था में अनेक प्रशासनिक तथा संरचनात्मक असंतुलन हैं जिनकी उपेक्षा सम्पूर्ण योजना को असफल बना सकती है। ऐसी स्थिति में यदि नियोजन का उद्देश्य सामाजिक न्याय की प्राप्ति है तो सभी क्षेत्रों के लक्ष्यों का असामंजस्य दूर करते हुए पुनः मूल्यांकन किया जाना चाहिये।

कुछ समय पूर्व डा० मिन्हास ने सार्वजनिक कार्यक्रमों के संदर्भ में एक कार्यक्रम दिया था[16] जिसमें उन्होंने देश में सामाजिक सुधारों को लागू करने हेतु उपयुक्त वातावरण की सराहना की थी। उन्हीं के शब्दों में, "वर्तमान समय में, जबकि देश के सभी राजनैतिक दल एक दूसरे से बढ़ चढ़ कर निजी सम्पत्ति पर नियंत्रण तथा उत्पादन साधनों के तथा नियोजन प्रतिफलों के समान वितरण की प्राप्ति हेतु विचार प्रकट कर रहे हैं, भूमि सुधारों तथा तत्संबंधी अन्य उपायों को क्रियान्वित करना अपेक्षाकृत सरल होगा।"[17]

यदि उपरोक्त आलोचनाओं के संदर्भ में पांचवी योजना को संशोधित किया जाये तो अधिक उचित होगा। जो भी हो, अच्छे परिणामों की आशा की जानी चाहिये। इस प्रकार 1950-80 तक के 30 वर्षीय काल को सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण से दो भागों में बांटा जा सकता है। प्रथम भाग में 1950-51 से 1968-69 तथा 1969-70 से 1978-79 द्वितीय भाग में। सामाजिक न्याय की दृष्टि से प्रथम भाग निराशाजनक रहा जब कि द्वितीय भाग में पर्याप्त प्रगति की उज्जवल संभावनाएं मौजूद हैं।

विभिन्न राज्यों की प्रति व्यक्ति आय में नियोजन के फलस्वरूप आने वाले परिवर्तन सामाजिक न्याय में प्रगति का परिचय प्रस्तुत कर सकते हैं। यदि नियोजन के परिणामस्वरूप निम्न प्रति व्यक्ति आय वाले राज्यों की आय तेजी से बढ़े तो इसे सामाजिक न्याय की दिशा में प्रगतिशील कदम माना जा सकता है। निम्न तालिका-2 भारत के 14 राज्यों की विभिन्न वर्षों में प्रति व्यक्ति आय की स्थिति प्रदर्शित करती है। विभिन्न राज्यों के मध्य परिवर्तनों का अध्ययन करने के लिये 1950-51 की आय की घटते हुए क्रम में जमाया गया है तथा अन्य वर्षों की आय को भी घटते हुए क्रम से दिया गया है :

तालिका—2 [18]

राज्यानुसार प्रति व्यक्ति आय का अध्ययन

राज्य	1950-51		1955-56		1960-61		1965-66		1971-72	
	आय	क्रम	आय	क्रम	आय	क्रम	आय	क्रम	आय	क्रम
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
प० बंगाल	333.68	1	333.55	1	383.21	1	433.43	1	550	9
गुजरात	297.27	2	280.97	4	333.35	4	393.45	47	778	3
महाराष्ट्र	269.63	3	306.45	2	332.57	3	384.66	3	810	2
पंजाब	258.75	4	280.60	3	354.61	2	438.94	2	902	1
केरल	248.46	5	257.49	5	292.36	5	316.38	5	561	7
असम	235.93	6	246.92	7	254.57	9	263.84	9	536	11
मद्रास	230.48	7	248.66	6	287.72	6	327.49	6	551	8
उ०प्रदेश	205.63	8	208.91	11	226.67	11	263.65	12	598	4
म०प्रदेश	202.90	9	218.26	8	234.41	8	266.27	7	569	6
आंध्रप्रदेश	200.97	10	221.89	9	241.82	9	277.41	11	545	10
राजस्थान	189.54	11	214.64	10	224.90	10	263.69	10	575	5
मैसूर	172.92	12	189.58	12	203.84	13	236.11	13	470	12
उड़िसा	159.92	13	162.31	13	189.90	12	262.86	8	402	13
बिहार	144.71	14	152.78	14	166.69	14	212.81	14	—	—

प्रस्तुत तालिका के अध्ययन से इस कथन की पुष्टि नहीं हो सकती कि आर्थिक विकास के साथ असमानताएं बढ़ी ही हैं। कुछ पिछड़े राज्यों की तुलनात्मक स्थिति में अन्तर आया है। यद्यपि कुछ विकसित राज्यों की विकास गति भी पहले से तीव्र हुई है। कुछ राज्य तुलनात्मक रूप से पूर्ववत ही बने रहे हैं। ऐसे राज्यों में विकसित और विकासशील दोनों ही है—आंध्र-

प्रदेश, मैसूर, उड़ीसा तथा बिहार हैं। कुछ राज्यों के विकास करने की दर में गिरावट आयी है जिसके परिणामस्वरूप उनका तुलनात्मक उच्च स्थान छिन गया और वे नीचे आ गये हैं। ऐसे राज्यों में पश्चिम बंगाल, गुजरात, केरल, असम व मद्रास हैं। कुछ राज्य ऐसे हैं जिनकी विकास दर बढ़ती गयी, फलस्वरूप उनकी तुलनात्मक स्थिति सुधरती गयी। ऐसे राज्यों में महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान तथा मध्य प्रदेश है। इनमें से महाराष्ट्र तथा पंजाब पहले से ही विकसित थे। स्पष्टतः राज्यों के मध्य सामाजिक न्याय की धारणा को कुछ हद तक क्रियान्वित किया जा सका या दूसरे शब्दों में यह कहा जा सकता है कि नियोजन के फलस्वरूप आर्थिक असमामताएं नहीं बढ़ी।

यदि अध्ययन को और सूक्ष्म और निष्पक्ष बनाया जाये तथा प्रमाप विचलन (Standard Deviation) तथा विचलन गुणक (Coefficient of Variation) की गणना की जाये तो निम्न परिणाम सामने आते हैं :

तालिका – 3

राज्यानुसार प्रति व्यक्ति आय के विचलन तथा विचलन गुणक की गणना

वर्ष	प्रमाप विचलन	माध्य	विचलन गुणक
1950–51	51.67	225.4	23.06
1955–56	50.30	237.0	21.22
1960–61	64.00	266.0	24.06
1965–66	71.40	310.0	23.03
1971–72[19]	134.40	—	22.40

यहां निम्न सांख्यिकीय सूत्र प्रयुक्त किये गये : $\overline{X} = \frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n} X_1$

$$S.D. = \sqrt{\frac{1}{n}\sum_{i=1}^{n}(X_1 - \overline{X})^2}$$

$$C.V. = \frac{S.D.}{\overline{X}} \times 100$$

संकेत :
X = माध्य
n = इकाईयों की संख्या
X_1 = ith इकाई का मान
S.D. = प्रमाप विचलन
C.V. = विचलन गुणक

प्रमाप विचलन के अध्ययन से यह स्पष्ट है कि नियोजन के प्रारंभ में विचलन कुछ घटा, परन्तु उसके बाद निरंतर बढ़ता रहा । अध्ययन को और सूक्ष्म और पक्षपात रहित बनाने के लिये विचलन गुणक की गणना की गयी । गुणक अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि 1950–72 के मध्य कुल मिला कर क्षेत्रीय असमानताओं में कमी ही आयी यद्यपि यह कमी बहुत महत्वपूर्ण तथा प्रशंसनीय नहीं मानी जा सकती । फिर भी यह निष्कर्ष तो निकाला ही जा सकता है कि नियोजन काल में आर्थिक विषमताएं बढ़ी नहीं । यदि सामाजिक असमानताओं में कमी आने की यही गति रही तो लक्ष्य तक पहुँचने में सदियां लग जायेगीं । आशा की जानी चाहिये की पांचवीं योजना असमानताओं में कमी की दर में तीव्र वृद्धि कर सकेगी । संतोष करने के लिये यह भी कम नहीं है कि हम लक्ष्य की ओर तो न बढ़ें परन्तु पीछे भी न हटें । जैसा कि प्रो० प्रसाद तथा राव का मत है यद्यपि असमानताओं में बहुत अधिक गिरावट नहीं आयी, जैसे कि लक्ष्य थे...............फिर भी यह स्वागत योग्य है कि आर्थिक विषमताओं में कोई वृद्धि नहीं हुई है ।[20]

फिर भी इस तथ्य का अध्ययन किया जाना आवश्यक है कि जब नियोजन काल में आर्थिक तथा समाजिक विषमताए घटाने के इतने प्रयास किये गये तो फिर वे कौन से कारण थे, जिनके परिणामस्वरूप केवल विषमताओं के बढ़ते हुए प्रभाव को रोकने में ही सफलता मिल सकी । इस संबंध में निम्न कारण महत्वपूर्ण रूप में उभर कर सामने आते हैं :

1. श्रम नीति

भारत सरकार की श्रम नीति उत्पादकता के स्थान पर श्रम कल्याण को अत्यधिक बल देती है । इससे श्रमिक वर्ग में गैर उत्तरदायित्व की भावना जन्म लेने लगी है । कई बार तो सरकार ने श्रम कल्याण के लिये उत्पादकता में कमी की स्थिति को भी स्वीकार किया । यह एकांगी स्थिति सामाजिक न्याय की प्राप्ति में सहायक नहीं हो सकती । राज्य को इस संदर्भ में हमेशा संतुलित नीति अपनानी चाहिये । यही नहीं, एक न्यूनतम मजदूरी स्तर के पश्चात, उत्पादकता में वृद्धि के साथ मजदूरी वृद्धि को जोड़ दिया जाना चाहिये [21] ताकि जहां एक ओर श्रमिक अपनी उच्चतम उत्पादकता को प्राप्त करने की चेष्टा करे और देश की तीव्र उत्पादन वृद्धि में भाग ले वहां दूसरी ओर उसका कल्याण तथा उसकी मांग शक्ति *(Barga-ining Power)* में निरन्तर स्वतः वृद्धि होती रहे ।

2. शिक्षा नीति

राष्ट्र की शिक्षा नीति में पिछले कई वर्षों से मूलभूत परिवर्तनों की बात कही जा रही है परन्तु उसका क्रियान्वयन अभी तक संभव नहीं दिखता । भारतीय शिक्षा प्रणाली आर्थिक विकास में सहयोग देने के स्थान पर मात्र क्लर्क उत्पादन प्रक्रिया में कार्यरत है । इसी प्रकार अब तक उच्च शिक्षा पर ही जोर दिया जाता रहा है जबकि आवश्यकता प्राथमिक शिक्षा के विस्तार की ज्यादा है ।[22] संविधान की धारा 45 की पूर्ति भी तभी संभव है । इसमें कहा

गया है कि संविधान लागू होने के दस वर्ष के अन्दर अन्दर राज्य 14 वर्ष की आयु वाले सभा बच्चों को निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था करेगा । 1980 तक भी यह लक्ष्य आंशिक रूप से ही प्राप्त हो सकेगा। इसके साथ ही उच्च शिक्षा के ढांचे भी मूलभूत परिवर्तनों की आवश्यकता है ताकि वह उत्पादन वृद्धि तथा श्रम नियोजन के माध्यम से आर्थिक प्रगति बनाम सामाजिक न्याय के दोहरे उद्देश्य की प्राप्ति में सहायक सिद्ध हो सके ।

3. मजदूरी तथा वेतन संबंधी नीति

देश में मजदूरी तथा वेतन संबंधी उचित नीति का अभाव रहा है । आज ऐसी नीति की आवश्यकता है जो समाजवादी समाज की स्थापना में योगदान दे सके । ऐसी नीति के मूल तत्व होंगे :[23]

1 : मजदूरी ढांचा मजदूरों की वास्तविक आय बढ़ाने वाला हो,
2 : मजदूरी ढांचा मजदूरी आय तथा गैर मजदूरी आय में संतुलन स्थापित कर सके,
3 : मजदूरी ढांचा बेरोजगारी समस्या के निवारण में योगदान दे सके,
4 : मजदूरी ढांचा बचतों को प्रोत्साहित करें, तथा
5 : वह नियोजन के प्रतिफलों का न्यायोचित वितरण करने में योगदान दे सकें ।

4. मौद्रिक तथा राजकोषीय नीति

सरकार की मौद्रिक तथा राजकोषीय नीति के संचालन ने आर्थिक असमानताओं को प्रोत्साहन दिया है । इन दोनों की संयुक्त गतिविधियों ने देश को भयंकर मुद्रा स्फीति के दौर में धकेल दिया था । देश में मूल्य वृद्धि की दर 30 प्रतिशत हो गयी थी जो किसी भी कदम के प्रभाव को निरस्त करने की क्षमता रखती है । पिछले कुछ माहों में, सरकार ने इस तीव्र मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण हेतु कुछ उपाय किये हैं जिनमें लाभांश वितरण पर नियंत्रण तथा अनिवार्य बचतों को कार्यरूप दिया गया है ।।[24] इसी प्रकार सरकार पिछड़े क्षेत्रों में औद्योगीकरण को प्रोत्साहित करने में भी असफल रही है ।

उपरोक्त सभी बाधाएं ऐसी नहीं है कि जिन पर नियंत्रण न पाया जा सके, न ही भारत में ऐसे चिन्तनशील वर्ग की कमी हैं जो कि इन समस्याओं का प्रभावशाली समाधान न सुझा सके । इस वर्ष के नोबल पुरस्कार विजेता श्री गुरनार मिर्डाल का मत है, "मैं इस तथ्य पर बल देना चाहता हूं कि भारत में उच्च श्रेणी के बुद्धिजीवी वर्ग की कमी नहीं है । मेरे अध्ययनों के अनेक तर्क तथा अनेक नीति संबंधी सुझाव अपने अपने क्षेत्रों में कार्यरत ऐसे ही विद्वानों के महत्वपूर्ण कार्यों पर आधारित हैं ।[25] आज आवश्यकता तो इस बात की है कि इस दिशा में सक्रिय कदम उठाये जायें तथा निष्पक्ष भाव से आर्थिक तथा सामाजिक समानता की दिशा में कार्य किया जाये ।" इस संबंध में श्री दांडेकर का [26] यह रोचक सुझाव स्वागत योग्य है कि सभी राजनेताओं की सम्पत्ति जनता की जानकारी के लिये खुली रखी जाये । इस प्रकार के प्रयासों से यद्यपि नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर अंकुश लगेगा परन्तु इसके अनेक दूरगामी परिणाम होंगे जो देश में व्याप्त भ्रष्टाचार को जड़ से कुचलने में समर्थ हो सकेंगे ।

ऐसे ही अनेक सुझाव हैं जो देश में सामाजिक न्याय प्राप्ति की दिशा में क्रान्तिकारी सिद्ध हो सकते हैं। स्वयं सरकार भी इसको जानती है तथा अर्थशास्त्री भी इन पर कई बार विचार कर के ठोस निष्कर्षों पर पहुंच चुके हैं। पुनः आवश्यकता सक्रियता और निष्पक्षता की है। आशा की जानी चाहिये की पांचवीं पंचवर्षीय योजना इस दिशा में मील का पत्थर सिद्ध हो सकेगी।

टिप्पणियां

1. पाल ए० सेम्युलसन : प्रोसेस ऑफ ग्रोथ, **द इकनोमिक टाइम्स**, वार्षिक अंक 1972, पृष्ठ 63।

2. विलियम के. फ्रेकना : द कोन्सेप्ट ऑफ सोशल जस्टिस, रिचर्ड बी. बोन्डट द्वारा संकलित पुस्तक '**सोशल जस्टिस**' में उल्लेखित, पृष्ठ 23।

3. बी. आर. शिनाय : इन्डियन इकोनोमिक पोलिसी (1968) पृष्ठ 35।

4. अशोक मेहता : टुवर्ड इक्वेलिटी ऑफ अपोरचुनिटी, **थॉट्स ऑन इंडियन इकोनोमी** में संकलित, पृष्ठ 58–59।

5. विड वाईथर : सोशल जस्टिस : आवर रिसोर्सेस वर्सेस द रियेलिटी, **अवार्ड**, वोल्यूम 15, अंक 1–2, जनवरी–मार्च 1964।

6. पाल ए. सेम्युलसन : प्रोसेस आफ ग्रोथ, **द इकनोमिक टाइम्स**, वार्षिक अंक 1972, पृष्ठ 63।

7. बी. जगन्नाथन : ग्रोथ विद सोशल जस्टिस, **प्रोडेक्टिविटी**, वाल्यूम XV, अंक 1, अप्रेल-जून 1974, पृष्ठ 48–49।

8. नेशनल कांसिल ऑफ एप्लाइड इकनौमिक रिसर्च ने अपने एक अध्ययन में पाया है कि भारत में निम्न आय वर्ग (0–3000 रु० आय वाला) ऋणात्मक बचत करता है, मध्यम आय वर्ग (3001—25000 रु० आय वाला) का बचत–आय अनुपात 12 प्रतिशत है तथा उच्च आय वर्ग (25001 तथा अधिक आय वाला) का बचत आय अनुपात 44 प्रतिशत है। देखिये :

   प्रदीप कुमार मेहता : पोवर्टी एण्ड इनइक्वेलिटी इन इंडिया, **फाइनेन्स एण्ड कामर्स**, जनवरी 1974, पृष्ठ 27-28।

9. प्रगतिशील करारोपण से तात्पर्य है, समान सीमान्त त्याग करवाने वाला करारोपण जिसके अन्तर्गत समाज के सम्पन्नतम वर्ग पर सार्वजनिक व्यय कार्यक्रमों का अधिकतम भार तथा समाज के निर्धन वर्ग पर न्यूनतम भार डाला जाता है। विस्तार के लिये देखिये :

